# अधिकार, न्याय और कार्यवाही से ही होगा वास्तविक महिला सशक्तिकरण : भूरिया

■ महिला आयोग के कार्यक्रम में न्याय चौपाल ■ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा, न्याय की सुनिश्चितता और ठोस कार्यवाही ही वास्तविक महिला सशक्तिकरण का आधार है।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प को मजबूत करने का अवसर है। कार्यक्रम में न्याय चौपाल, मानसिक स्वास्थ्य और साइबर वेलबीइंग जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों और अधिकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और जागरूकता से जुड़े मुद्दों पर विचार साझा किए। मंत्री भूरिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाएं और जागरूक नागरिक छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत बना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों ने बेटियों के प्रति समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव लाया है। प्रदेश में लाड़ली बहना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना भी महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि पंचायती राज और शहरी निकायों में 50 प्रतिशत तथा सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पुलिस अधिकारियों ने भी महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता पर अपने विचार रखे। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं ने पॉवर वॉक के माध्यम से संदेश दिया कि सकारात्मक सोच और उचित मार्गदर्शन से महिलाएं हर चुनौती का सामना कर आगे बढ़ सकती हैं। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा महिला आयोग और अहान फाउंडेशन के बीच साइबर वेलबीइंग के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता भी किया गया।

## प्रदेश में मार्च में ही अप्रैल जैसी तपिश

# पारा 39 डिग्री पार, चार दिन में 40 तक पहुंचने के आसार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में मार्च की शुरुआत से ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं और मौसम का मिजाज अप्रैल जैसा हो गया है।

प्रदेश के कई शहरों में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। अगले चार दिनों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है। गुरुवार को नर्मदापुरम में इस सीजन में पहली बार तापमान 39 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, सामान्य तौर पर प्रदेश में तेज गर्मी का दौर मार्च के दूसरे पखवाड़े में शुरू होता है, लेकिन इस बार मौसम का ट्रेंड बदला हुआ नजर आ रहा है। पिछले दस वर्षों में 15 मार्च के बाद तापमान तेजी से बढ़ा है, जबकि इस बार महीने की शुरुआत में ही तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के शहर इस समय सबसे ज्यादा गर्म हैं, जहां अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया जा रहा है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से से एक टर्फ लाइन गुजर रही है और साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी सक्रिय है, लेकिन इसका मध्य प्रदेश पर खास असर नहीं पड़ रहा है। आसमान साफ होने की वजह से सूरज की तेज धूप सीधे जमीन पर पड़ रही है, जिससे दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और गर्मी का असर बढ़ गया है।

शुक्रवार को प्रदेश के पांच बड़े शहरों में से चार इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि भोपाल में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा छतरपुर के खजुराहो में 36.8 डिग्री, धार में 36.6 डिग्री, दमोह, सागर और श्योपुर में 36.4 डिग्री, रतलाम में 36.2 डिग्री तथा गुना और टीकमगढ़ में 36 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। शाजापुर, मंडला और सतना में भी पारा 35 डिग्री या उससे अधिक रहा। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है और कई जगहों पर यह 18 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों के भीतर प्रदेश के अधिकतम तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में संभावना है कि मार्च के पहले पखवाड़े में ही कई इलाकों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाए। इस साल अप्रैल और मई के महीनों में 15 से 20 दिन तक लू चलने की आशंका है। अनुमान के मुताबिक इन दोनों महीनों में ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है।

## मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों के प्रचार को मिलेगा बढ़ावा

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे 'क्वींस ऑन द व्हील्स' बाइक ट्रेल का फ्लैग ऑफ

### देशभर की 25 महिला बाइकर्स करेंगी 1400 किमी लंबी यात्रा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से सुबह 9 बजे 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के तीसरे संस्करण को फ्लैग ऑफ करेंगे।

इस अवसर पर देशभर की 25 महिला सुपर बाइकर्स को हरी झंडी दिखाकर भोपाल से खजुराहो तक की 1400 किलोमीटर लंबी बाइक ट्रेल के लिए रवाना किया जाएगा। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, साहस और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के माध्यम से मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करने की पहल की जा रही है। यह सात दिवसीय यात्रा भोपाल से शुरू होकर सांची, उदयगिरि, चंदेरी, शिवपुरी, कूनो, ग्वालियर, दतिया और ओरछा होते हुए खजुराहो पहुंचेगी, जहां 13 मार्च को यात्रा का समापन होगा।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार यह आयोजन केवल बाइक यात्रा नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण और राज्य की पर्यटन धरोहर के उत्सव का प्रतीक है। इस अभियान से प्रदेश के कम ज्ञात पर्यटन स्थलों को भी बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण पर्यटन सर्किट मजबूत होंगे।टूरिज्म बोर्ड का उद्देश्य ऐसे नवाचारपूर्ण आयोजनों के माध्यम से मध्यप्रदेश को सुरक्षित, रोमांचक और विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। इस यात्रा से प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक विरासत को वैश्विक पहचान मिलने की उम्मीद है।

# पुलिसकर्मी नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें : डीजीपी

■ लाल परेड ग्राउंड में होली मिलन समारोह का आयोजन ■ फाग गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा कार्यक्रम



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** लाल परेड ग्राउंड स्थित कबड्डी मैदान में पुलिस मुख्यालय द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रदेशभर के पुलिस अधिकारियों, जवानों और उनके परिजनों को होली की शुभकामनाएं दीं।

श्री मकवाणा ने कहा कि होली बुराई पर भलाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और ईमानदारी एवं लगन के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के पारिवारिक और करियर जीवन दोनों को प्रभावित करता है, इसलिए पुलिसकर्मियों को इससे दूर रहना चाहिए। समारोह में पुलिस बैंड और विभिन्न इकाइयों की टीमों ने फाग और होली गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। 25वीं वाहिनी एसटीएफ, 7वीं वाहिनी भोपाल, पुलिस अकादमी भौंरी, रेडियो मुख्यालय और अन्य इकाइयों की टीमों ने पारंपरिक होली गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को रंगीन बना दिया। अंत में पुलिस बैंड द्वारा प्रस्तुत गीतों ने माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया। डीजीपी ने वर्ष 2025 में विभाग की उपलब्धियों और प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में पुलिस बल के योगदान की सराहना की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

# इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग के लिए बन रहा सशक्त ईको सिस्टम : मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में तेजी से उभरते औद्योगिक केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए मजबूत औद्योगिक आधार, उन्नत परीक्षण अधोसंरचना, ऊर्जा उपलब्धता और निवेश अनुकूल नीतियों के माध्यम से एक सशक्त ईको सिस्टम विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2025 और इंडस्ट्रियल प्रमोशन पॉलिसी-2025 के माध्यम से ईवी और उससे जुड़े कम्पोनेंट निर्माण को व्यापक प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इससे प्रदेश में उत्पादन, निवेश और रोजगार के नए अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर ऑटोमोबाइल उद्योग इलेक्ट्रिफिकेशन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारत भी इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मध्यप्रदेश में पीथमपुर देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल क्लस्टर्स में शामिल है, जहां 200 से अधिक ऑटोमोबाइल कम्पोनेंट निर्माता कार्यरत हैं और हजारों लोगों को रोजगार मिला है। इसके साथ ही नैट्रैक्स में एशिया का सबसे बड़ा ऑटोमोटिव परीक्षण ट्रैक उद्योगों को अत्याधुनिक परीक्षण और अनुसंधान की सुविधा प्रदान कर रहा है। राज्य सरकार की इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति के तहत बैटरी निर्माण, वाहन असेंबली और रीसाइक्लिंग सहित संपूर्ण सप्लाई चेन को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है।

# योग साधकों ने फूलों से मनाई होली



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंडस गार्डन कॉलोनी फेज-1, बाबड़िया कलां में योग साधकों एवं गुरुजनों द्वारा होली का पर्व बड़े उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी साधकों ने सामूहिक रूप से का उच्चारण, प्रार्थना एवं मंत्रोच्चार करते हुए की और सभी के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और सकारात्मकता की कामना की।

इस अवसर पर योग साधकों ने फूलों से होली मनाकर प्रेम, आत्मीयता और सद्भाव का संदेश दिया। होली का यह पावन पर्व आपसी भाईचारे, मिलनसारिता और अपनत्व को बढ़ाने का अवसर देता है। रंगों और उत्सव के माध्यम से मन की दूरियाँ समाप्त होती हैं और समाज में प्रेम, सद्भाव तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

योग गुरु महेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके निर्देशन में पिछले लगभग चार वर्षों से कॉलोनी में नियमित सायंकालीन योग कक्षा संचालित हो रही है, जिसमें कॉलोनी के वरिष्ठ भाई-बहन तथा बच्चे नियमित योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ योग गुरु पुष्पा भदौरिया, विमला साहू, किरण जौहरी, सुषमा चौहान, सुनीता तेजवानी, अजीत श्रीवास्तव, नीलम श्रीवास्तव, सर्वज्ञा श्रीवास्तव, इवाना, अनीक, वेदु, प्रचिति, सानू, अक्षिता, प्रिशा सहित योग साधक उपस्थित रहे और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं।

# महिला कांग्रेस का रोशनपुरा चौराहे पर धरना आज

**नप्र, भोपाल :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में महिला कांग्रेस द्वारा 7 मार्च को भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह प्रदर्शन एपस्टीन फाइल्स से जुड़े मामलों में रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत महिलाओं और बेटियों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बोरासी सेतिया के निर्देश पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार शाम 5 बजे किया जाएगा। महिला कांग्रेस ने प्रदेश की महिलाओं और नागरिकों से इस धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर न्याय की मांग को मजबूत करने की अपील की है।

# सरस्वती अभियान से शिक्षा की मुख्यधारा में पुनः आएंगी शाला त्यागी बालिकाएं

### मुख्यमंत्री 10 मार्च को करेंगे अभियान का शुभारंभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश में शाला त्यागी बालिकाओं को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत 'सरस्वती अभियान' की शुरुआत की है।

इस नवाचार के माध्यम से वे बालिकाएँ जो किसी सामाजिक, पारिवारिक या आर्थिक कारण से विद्यालय छोड़ चुकी हैं, उन्हें फिर से शिक्षा से जोड़कर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। राज्य स्तर पर इस अभियान को नई दिशा देने के लिए 10 मार्च को राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। शाला त्यागी बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोड़ने के लिए विभाग की कार्य योजना और नवाचारों की जानकारी भी दी जाएगी। राज्य ओपन स्कूल प्रणाली के माध्यम से बालिकाओं को कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। उन्हें अध्ययन सामग्री, मार्गदर्शन, संपर्क कक्षाएँ और मेंटोरिंग की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, ताकि वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और आगे की शिक्षा या रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में बालिकाएँ कक्षा 8वीं, 10वीं या 12वीं से पहले ही विद्यालय छोड़ देती हैं। शिक्षा छूटने के बाद उन्हें पढ़ाई जारी रखने का अवसर नहीं मिल पाता, जिससे उनकी शिक्षा अधूरी रह जाती है और उनके भविष्य के अवसर सीमित हो जाते हैं। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में यह समस्या अधिक गंभीर रूप में सामने आती है।

चुनौती को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुरू किए जा रहे सरस्वती अभियान के अंतर्गत शाला त्यागी बालिकाओं की पहचान के लिए सर्वेक्षण किया जाएगा, उन्हें राज्य ओपन स्कूल में नामांकित किया जाएगा। परीक्षा की तैयारी के लिए अध्ययन सामग्री और शैक्षणिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मेंटोरिंग और काउंसलिंग के माध्यम से बालिकाओं को परीक्षा में सफल होने के लिए निरंतर सहयोग दिया जाएगा।

# मध्यप्रदेश किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की आयोजित परिचयात्मक बैठक में मुख्यरूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल प्रदेश भाजपा प्रभारी महेंद्र सिंह किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा एवं मोर्चा प्रदेश प्रभारी मनोरंजन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में नवनियुक्त किसान मोर्चा प्रदेश पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता किसानों तक पहुचाये। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने प्रदेश के मोर्चा पदाधिकारियों को संभाग का प्रभार सौंपा।

# राजधानी में आवारा कुत्तों को लेकर फूटा रहवासियों का गुस्सा

### करोंद की मैपल ट्री सोसायटी में देर रात प्रदर्शन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में जेल रोड करोंद स्थित मैपल ट्री सोसायटी में गुरुवार देर रात आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग सोसायटी गेट पर एकत्र हो गए और नगर निगम तथा डॉग लवर्स के खिलाफ प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर शांत कराया। प्रदर्शन गुरुवार रात करीब 11 बजे के बाद शुरू हुआ और देर रात तक चलता रहा। रहवासियों का कहना है कि सोसायटी में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आसपास के इलाकों से भी बड़ी संख्या में कुत्ते यहां आ गए हैं, जिससे काटने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में कुछ बुजुर्गों और बच्चों को भी कुत्तों ने काट लिया, जिससे कॉलोनी में डर का माहौल है। रहवासियों के मुताबिक उन्होंने कई बार नगर निगम में शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि शिकायत करने पर कुछ डॉग लवर्स उनके खिलाफ थाने में झूठी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। गुस्साए लोगों ने सोसायटी के गेट पर बैठकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया।

**स्पेशल खबर** 31 मार्च तक स्कूलों में नामांकन, स्मार्ट क्लास और ड्रॉप आउट रोकने पर विशेष जोर...

# विभागीय योजनाएं और निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरे हों : संभागायुक्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** संभागायुक्त संजीव सिंह की अध्यक्षता में संभागीय सभागार में विभागीय योजनाओं, निर्माण कार्यों और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने सभी योजनाओं और निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायतों से जुड़े सभी कार्य 31 मार्च तक लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। बैठक में वन अधिकार अधिनियम से संबंधित निराकृत और लंबित प्रकरणों, वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तन, एफआरए के पट्टाधारियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावासों और आश्रमों में निर्माण व मरम्मत कार्य, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

संभागायुक्त ने बजट और लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की संख्या कम करने के लिए विशेष रणनीति बनाने को कहा। कक्षा 5वीं और 8वीं के विद्यार्थियों का अगले वर्ग में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने तथा ऑनलाइन टीसी जारी करने के निर्देश भी दिए। प्रथम कक्षा में नामांकन बढ़ाने के लिए घर-घर सर्वे, प्रवेश उत्सव और जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि 1 अप्रैल तक सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें वितरित कर पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। साथ ही आंगनबाड़ी और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से 3 से 6 वर्ष के बच्चों का विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्कूलों में जनभागीदारी के माध्यम से स्मार्ट क्लास शुरू करने और शिक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त ने कहा कि सभी निर्माण और विकास कार्य 31 मार्च तक पूर्ण हों, जिनकी अगली समीक्षा अप्रैल में की जाएगी।


**RAVISHANKAR TEACHERS TRAINING INSTITUTE**
**BYPASS ROAD BHANPUR, BHOPAL**
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal

Applications are invited for the appointment on the teaching posts in B.Ed Course Under College Code 28 of the University

| S.No. | Post | Subject |
|---|---|---|
| 01 | Assistant Professor | Education |
| 02 | Assistant Professor | Fine Arts |

- Qualifications: As per NCTE/UGC guidelines.
- Salary: As per UGC Norms.
- Application with complete detail/Bio-data should reach at the following
- Address by post or email - Ravishankar Teacher's Training Institute,
- Near People's Dental College, Bhanpur, Bhopal - 462037.
- Email: rttibhopal@rediffmail.com